दिन—शुक्रवार दिनांक— 22 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग भ्रामक सूचना की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। आयोग ने सभी हितधारकों को भ्रामक सूचना और इसे फैलाने वाले लोगों के विरूद्ध सतर्क रहने और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिये हैं। आयोग ने कहा है कि किसी प्रकार की भ्रामक सूचना का प्रसार करने से पहले राजनीतिक पार्टियों को उनकी जांच कर लेनी चाहिए।

———————————————————

औरंगाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से राजद प्रत्यार्शी अभय कुशवाहा के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। राजद प्रत्याशी पर शहर में कई वाहनों के साथ जुलूस निकालने और नारेबाजी के आरोप में नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

———————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने अपने तीन और उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। राजद ने पाटलिपुत्रा से मीसा भारती, उजियारपुर से आलोक मेहता और मुंगेर से अशोक महतो की पत्नी अनिता महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है। पटना में राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने इन प्रत्याशियों को पार्टी का सिम्बल प्रदान कर दिया है। पार्टी ने इससे पहले लोकसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों के नाम घोषित किये थे। इनमें गया से कुमार सर्वजीत, नवादा से श्रवण कुशवाहा, जमुई से अर्चना रविदास, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा, बक्सर से सुधाकर सिंह और जहानाबाद से सुरेन्द्र यादव को उम्मीदवार बनाया गया है।

———————————————————

सुपौल जिले में बकौर और मधुबनी जिले के भेजा के बीच कोसी नदी पर बन रहे देश के सबसे लंबे पुल का गार्डर गिर जाने से एक मजदूर की मौत हो गई है। हादसे में दस मजदूर घायल हो गये हैं। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजन को दस लाख रूपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही घायलों को एक—एक लाख

रूपये दिये जायेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस घटना के प्रति खेद प्रकट करते हुये कहा है कि मामले की उच्च स्तरीय जाँच की जायेगी।

————————————————————————

बिहार आज अपना 112वां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन 1912 में बंगाल से अलग करके बिहार राज्य का गठन किया गया था। अपनी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक विरासत के कारण बिहार की पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में रही है, जिसने हमेशा से देश को नई राह दिखाई। बिहार का इतिहास कमोबेश मानव सभ्यता का इतिहास माना जाता है, जिसने पूरी दुनिया को लोकतंत्र की अवधारणा से परिचित कराया है। राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने स्थापना दिवस पर बिहारवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि बिहार भारतीय संस्कृति और शिक्षा का ऐतिहासिक केन्द्र रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग अपनी दृढता, कर्तव्यपरायणता और बलिदान के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने बिहार को सदा प्रगति के पथ पर आगे बढते रहने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार अपनी सांस्कृतिक विरासत और विशालता के लिए विश्व में अलग पहचान रखता है। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि राज्य के कठिन परिश्रमी और प्रतिभाशाली लोग भारत को विकसित और आत्म–निर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान करने जा रहे हैं।

बिहार दिवस के अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में राज्यवासियों से बिहार के गौरव को अक्षुण्ण रखते हुए राज्य और देश की प्रगति में योगदान देने की अपील की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में राज्य के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प दोहराया। इधर, आदर्श आचार संहिता को देखते हुए बिहार दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित नहीं किये जा रहे हैं।

————————————————————————

पश्चिम विक्षोभ के कारण पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों के कई स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटिहार के अमदाबाद में सबसे अधिक बयालीस मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी। वहीं बक्सर के चौसा में छब्बीस दशमलव आठ, अररिया के जोकीहाट में चौबीस दशमलव आठ और कटिहार में सोलह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार और औरंगाबाद जिले के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।